सार्थक एप ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी की खोली पोल, लापरवाह अधिकारी-कर्मचारियों में हड़कंप

# महीने भर घर पर रहकर ले लिया पूरा वेतन...

**नवभारत,जबलपुर।** महीने भर घर पर रहे और वेतन पूरा ले लिया... राज्य शासन के सार्थक एप पर जब जिला कार्यक्रम प्रबंधक कार्यालय ने राष्ट्रीय बाल हृदय स्वास्थ्य केन्द्र में जिला प्रबंधक पद पर पदस्थ सुभाष शुक्ला का अगस्त माह का रिकॉर्ड चैक किया तो विभाग के होश उड़ गए। विभाग को पता चला कि साहब तो महीने भर कार्यालय आए ही नहीं वे अपनी हाजिरी सार्थक एप पर सिविल लाइन स्थित क्वार्टर से लगाते रहे हैं और ऑफिस छूटने का स्थान भी कहीं और होने का सामने आया है। इस खबर ने पूरे स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा दिया। जानकारों का कहना है कि ये तो



एक मामला अभी उजागर हुआ है अगर बारीकी से परीक्षण किया गया तो स्वास्थ्य विभाग में कई ऐसे आराम फरमा रहे साहबों की पोल खुल जाएगी....जानकारी लगने पर सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा ने सुभाष शुक्ला को नोटिस जारी कर 7 दिन के अंदर जवाब तलब किया है। इस उजागर होते हुए मामले ने ये तो स्पष्ट कर दिया है कि सरकारी दफ्तरों में काम करने वाले उन सभी लापरवाह अधिकारी-कर्मचारियों का काला चिट्ठा वह सभी के सामने ला देगा। इस एप ने फिलहाल अभी तो ऐसे कई लापरवाह अधिकारी-कर्मचारियों की चैन की नींद उड़ाकर रख दी है।

### ये है सार्थक एप....

जानकारी के अनुसार सार्थक एप पर अधिकारी-कर्मचारियों को उस समय हाजिरी लगानी होती है जब वह ड्यूटी में आ जाता है। इसमें हाजिरी लगते ही संबंधित कर्मचारी की करेंट लोकेशन फीड हो जाती है। और फिर ड्यूटी पूरी करने के बाद जब कर्मचारी दोबारा हाजिरी लगाता है तो उससे यह पता चल जाता है कि कर्मचारी ने किस स्थान से दोबारा घर जाते वक्त हाजिरी लगाई है।

### एप पर हाजिरी चैक करने की इनकी होती है जिम्मेदारी: सीएमएचओ

सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा ने नवभारत को बताया कि जिला कार्यक्रम प्रबंधक कार्यालय से जानकारी मिली है कि राष्ट्रीय बाल हृदय स्वास्थ्य केन्द्र में जिला प्रबंधक पद पर पदस्थ सुभाष शुक्ला अगस्त माह में पूरे दिन अपने घर से ही हाजिरी लगाते रहे हैं। मामले में सुभाष शुक्ला को नोटिस जारी किया गया है और 7 दिन के भीतर जवाब तलब किया गया है। दोषी पाए जाने पर राज्य शासन को पत्र लिखकर सख्त कार्रवाई की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। श्री मिश्रा ने ये भी कहा कि जबलपुर जिले में सार्थक एप पर हाजिरी चैक करने की जिम्मेदारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक विजय पांडे की होती है।

### हम नहीं लगाएंगे सार्थक एप पर हाजिरी

सार्थक एप पर हाजिरी लगाने का विरोध शुरू हो गया है। गुरूवार को बड़ी संख्या में महिला कर्मचारियों के समूह ने सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि सार्थक एप पर हाजिरी लगाने से उन्हें राहत दी जाए। ज्ञापन न्यू बहुउद्देश्य स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के बैनर तले दिया गया है। सार्थक एप पर हाजिरी लगाने का विरोध करने वाली महिला कर्मचारियों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में ड्यूटी उनको करनी होती है जहां नेटवर्क ही नहीं होता है, ऐसे में घर आकर कई बार उनको काम करना पड़ता है ऐसे में कर्मचारियों के अन्य कार्य प्रभावित होते हैं। साथ ही उन्होनें कहा कि एक कर्मचारी के अंडर में करीब 8 से 10 गांव आते हैं जिस कारण समय पर हाजिर लगाना मुश्किल काम हो जाता है। सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा ने इस संबंध में कहा कि सार्थक एप पर करेंट लोकेशन से हाजिरी दर्ज करनी होती है। सरकार का मानना है कि कर्मचारी समय पर काम शुरू करें और समय पूरा होने के बाद अपने घर चले जाएं। लेकिन सार्थक एप पर हाजिरी लगाने को लेकर स्वास्थ्य विभाग की महिला कर्मचारियों ने विरोध दर्ज कराया है और मुझे ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि उन्हें इस एप पर छूट दी जाए।

## बरगी बांध के 15 गेट खुले उमाघाट के ऊपर तक आया पानी



**नवभारत,जबलपुर।** क्षमता से अधिक भरे पानी की निकासी के लिए गुरूवार को बरगी बांध के 15 गेटों को 1.40 मीटर की ऊंचाई पर खोल दिया गया है जिसने बांध की खूबसूरती में चार चांद और लगा दिए। पानी के तेज बहाव की सुंदरता को देखने बांध के पास शहरवासियों का जमावड़ा लगने लगा। डेम प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार सुबह तक बरगी बांध में 423.5 मीटर तक पानी भर गया था, जबकि बांध की कुल क्षमता 422.76 मीटर है। अभी बांध से 3436 क्यूमेक पानी छोड़ा जा रहा है। उधर बरगी बांध से छोड़ी जा रही जल निकासी से नर्मदा घाटों का जलस्तर करीब 10 फीट और बढ़ गया है। बांध प्रशासन व पुलिस द्वारा मुनादी भी कराई जा रही है कि नर्मदा तटों से लोग दूरी बना लें। जानकारी के अनुसार बांध के 15 गेट खुलने के बाद गौरीघाट के उमाघाट के ऊपर तक नर्मदा का पानी आ गया है। विदित हो कि परसों यानि दो दिन बार शहर में गणेश विसर्जन का क्रम भी शुरू हो जाएगा। इस लिहाज से पुलिस प्रशासन भी अलर्ट मोड पर आ गया है।

## प्रदेश के सबसे लंबे फ्लाई ओवर पर स्टंटबाजी : एफआईआर

**जबलपुर।** मदनमहल से दमोहनाका तक बने मप्र के सबसे बड़े फ्लाई ओवर की जबलपुर को ऐतिहासिक सौगात मिली है लेकिन स्वच्छता और सुरक्षा को ताक पर रखा जा रहा हैं। कोई गंदगी कर रहा है तो कोई मौज-मस्ती और रील्स बना जान जोखी में डाल रहा है जिसके चलते कहीं न कहीं संस्कारधानी की छवि को पूरे प्रदेश और देश में धूमिल कर रहे हैं। ऐसी एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई जिसमें मोटर साईकिल चालक फ्लाई ओवर मदन महल में तेज रफ्तार लापरवाही पूर्वक एवं खातरनाक तरीके



से वाहन चलाकर स्टंटबाजी की गई। मदनमहल पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेकर मोटर साईकिल चालक व उसके साथी के खिलाफ एक्शन लेते हुए प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### ऐसे वीडियो हो चुके हैं वायरल

सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो सामने आए हैं जिनमें कुछ लोग पान मसाला खाकर फ्लाईओवर की बाउंड्री को गंदा करते दिख रहे हैं, कहीं वाहन पर खतरनाक स्टंट, तो कहीं फ्लाईओवर पर बैठक, पार्टी, मौज-मस्ती और रील्स बनाने जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं।

### इस वीडियो पर हुआ एक्शन


बुधवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें मोटर साईकिल क्रमांक एमपी 20 एमटी 8574 का चालक एवं उसका एक साथी द्वारा अपने मोटर साईकिल वाहन को फ्लाई ओवर मदन महल में तेज रफ्तार लापरवाही पूर्वक एवं खातरनाक तरीके से वाहन चलाकर स्टंटबाजी करते हुए दिखाई दे रहा है। वीडियो का संज्ञान लेकर मोटर साईकिल चालक व उसके साथी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया।

## आवेदकों के दावे पर लो निर्णय

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को निर्देशित किया है याचिकाकर्ता कर्मचारियों को संविदा कर्मियों के लिए 20 प्रतिशत आरक्षण के तहत नियुक्ति देने पर निर्णय लें। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने इसके लिए 90 दिन की मोहलत दी है। सीधी निवासी पुष्पेंद्र शुक्ला व अन्य की ओर से अधिवक्ता आनंद कुमार शुक्ला ने पक्ष रखा।

## 5 दिन के भीतर बचे 38 घोड़ों को हैदराबाद ले जाने आदेश जारी

**नवभारत,जबलपुर।** हैदराबाद रेस क्लब से जबलपुर जिले में पनागर के ग्राम रैपुरा में ट्रकों में ठूंस-ठूंसकर ला गए 57 घोड़ों के मामले में पशुपालन विभाग ने गुरूवार को आदेश जारी किया है जिसमें उल्लेख किया गया है कि 38 घोड़ों को जिले से 3 से 5 दिन के अंदर बाहर व्यवस्थित तरीके से वापस हैदराबाद भेजा जाए। विदित हो कि विगत 29 अप्रैल से लेकर 3 मई 2025 के बीच में हैदराबाद तेलंगाना से ट्रकों में क्रूरतापूर्वक



ठूंसकर जबलपुर जिले में पनागर थाना क्षेत्र के ग्राम रैपुरा स्थित ठाकुर फॉर्म में 57 घोड़े लेकर आया था जिनमें से धीरे-धीरे करके 19 घोड़ों की मौत हो चुकी थी। इन घोड़ों की मौत की वजह ट्रांसपोर्ट स्ट्रेस, हीट स्ट्रेस और हैदराबाद से जबलपुर का मौसम चेंज होना सामने आई थी। मामले में पशुपालन विभाग के जिम्मेदारों ने पनागर पुलिस थाना में विगत 1 सितंबर को सचिन तिवारी और हैदराबाद की हेथा नेट इंडिया प्राईवेट लिमिटेड कंपनी के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई थी। जिस पर क्रूरता अधिनियम के तहत अपराध कायम कर पुलिस ने अपनी कार्रवाई शुरू की थी।






स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57